# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल। (उत्तराखण्ड)
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – सामान्य / पीईआर / 102–7 / 2022 / 777 दिनांक – 12/10/2022

ग्रुप डी से ग्रुप सी एवं प्रयोगशाला परिचर से प्रयोगशाला सहायक (विभागीय परीक्षा)

## कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी / वाहन चालक कार्मिकों को जिन्होंने ग्रुप डी से ग्रुप सी (कनिष्ठ सहायक) एवं प्रयोगशाला परिचर से प्रयोगशाला सहायक के पद में विभागीय परीक्षा हेतु अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, को सूचित किया जाता है कि उक्त हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 20.10.2022 को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय के भूतल में किया जायेगा।

ग्रुप डी से ग्रुप सी (कनिष्ठ सहायक) पद हेतु 40 अंकों की लिखित परीक्षा (सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन, सामान्य हिन्दी) ली जायेगी। जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 40 प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर हेतु 01 अंक दिया जायेगा तथा गलत उत्तर हेतु शून्य अंक देय होगा। उक्त परीक्षा हेतु 1½ घंटे का समय निर्धारित है। अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा के लिए काली बॉल पेन का प्रयोग किया जाना होगा। उक्त लिखित परीक्षा के 40 अंक, चरित्र पंजिका के 10 अंक, सेवा अनुभव के 50 अंक व टंकण परीक्षा के 50 अंक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों की योग्यता सूची तैयार की जायेगी। जिसके आधार पर वर्गवार रिक्त पदों पर नियुक्ति की संस्तुति की जायेगी।लिखित परीक्षा के उपरान्त उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय वेबसाईड पर अपलोड की जायेगी। उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति होने पर अभ्यर्थी अपना प्रत्यावेदन 01 दिन के अर्न्तगत विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

चरित्र पंजिका हेतु 10 अंक देय होंगे। विगत 5 वर्षों की चरित्र पंजिका के अनुसार 02 अंक प्रतिवर्ष के देय होंगे तथा प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु प्रतिवर्ष शून्य अंक देय होगा।

चतुर्थ श्रेणी कार्मिक तथा वाहन चालक पद पर नियमित सेवा के कार्य अनुभव के आधार पर प्रत्येक वर्ष की पूर्ण सेवा पर 02 अंक दिये जायेंगे व अधिकतम 50 अंक ही देय होंगे। कुल सेवा की गणना 30 जून, 2022 के अनुसार की जायेगी।

अभ्यर्थियों की हिन्दी टंकण दक्षता परीक्षा एन0आई0सी0 के सॉफ्टवेयर के माध्यम से ली जायेगी। टंकण परीक्षा तद्दिनांक को ली जायेगी। टंकण परीक्षण दक्षता में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति से कम गति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अर्ह नहीं होंगे। 4000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा से अधिक गति पर निम्नानुसार अंक दिये जायेंगे–

| | | |
|---|---|---|
| 1– | 4000 की डिप्रेशन प्रति घंटा – | अर्ह |
| 2– | 4000 से 4100 की डिप्रेशन प्रति घंटा – | 10 अंक |
| 3– | 4101 से 4200 की डिप्रेशन प्रति घंटा – | 20 अंक |
| 4– | 4201 से 4300 की डिप्रेशन प्रति घंटा – | 30 अंक |
| 5– | 4301 से 4400 की डिप्रेशन प्रति घंटा – | 40 अंक |
| 6– | 4401 से अधिक की डिप्रेशन प्रति घंटा– | 50 अंक |

प्रयोगशाला परिचर से प्रयोगशाला सहायक पद हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रयोगशाला सहायक के 02 पदों क्रमशः भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विभाग हेतु परीक्षा की जायेगी। उक्त हेतु 50 अंको की लिखित परीक्षा (सामान्य अध्ययन एवं सम्बन्धित प्रयोगशाला विषय) ली जायेगी। जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर हेतु 01 अंक दिया जायेगा तथा गलत उत्तर हेतु शून्य अंक देय होगा। उक्त परीक्षा हेतु 1½ घंटे का समय निर्धारित किया जायेगा। लिखित परीक्षा दिनांक 20.10.2022 को प्रातः 11:00 बजे केन्द्रीय पुस्तकालय के भूतल में आयोजित की जायेगी।

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल। (उत्तराखण्ड)
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – सामान्य / पीईआर / 102–7 / 2022 / [illegible] दिनांक –12/10/2022

लिखित परीक्षा के उपरान्त उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय वेवसाईड पर अपलोड की जायेगी। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति होगी तो वह अपना प्रत्यावेदन 01 दिन के अर्न्तगत विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करेगा।

अभ्यर्थियों को अवगत किया जाता है कि उक्त परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वैवसाईड का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थी को पृथक से कोई पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। उक्त परीक्षा में भाग लेने पर अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– परिसर निदेशक, डी.एस.बी. परिसर नैनीताल / सर जे.सी. बोस तकनीकी परिसर, भीमताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित कार्मिकों में प्रसारित करवाने का कष्ट करें।

2– श्री के0के0 पाण्डे, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, आई0पी0एस0डी0आर0, कु0वि0वि0, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वैवसाईड में अपलोड करने हेतु।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव